

ब्लॉक स्तरीय जनसंवाद: जनता की आवाज़, प्रशासन तक





लोक चेतना समिति के तत्वावधान में 19 एवं 20 अगस्त 2026 को क्रमशः चोलापुर और चिरईगाँव ब्लॉक सभागारों में 'समस्या आपकी, समाधान हमारा – एक साझा प्रयास' विषय पर ब्लॉक स्तरीय जनसंवाद आयोजित किए गए। इनका उद्देश्य ग्रामीणों और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित कर स्थानीय समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त करना था।

चोलापुर में नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी श्री राजेश सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं। विभिन्न ग्राम पंचायतों से 74 से अधिक लोगों ने भाग लिया। वहीं, चिरईगाँव में 20 ग्राम पंचायतों के 179 से अधिक लोगों ने पेयजल, जर्जर सड़क, जलभराव, राशन कार्ड तथा वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन से जुड़ी समस्याएँ उठाईं। कुल 106 लोगों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु व्यक्तिगत आवेदन प्रस्तुत किए। मौके पर मौजूद ADO समाज कल्याण श्री भूषण त्रिपाठी ने पेंशन और राशन से जुड़े मामलों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए और सार्वजनिक कार्यों के लिए जल्द बजट आवंटन का आश्वासन दिया।

अधिकारियों ने संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। दोनों कार्यक्रमों ने ग्रामीणों को अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन के समक्ष रखने और समाधान की दिशा में सामूहिक पहल करने का सशक्त मंच प्रदान किया।

स्वयं सहायता समूह क्लस्टर प्रशिक्षण: संगठन से आत्मनिर्भरता की ओर



06 जुलाई 2026 को भिदुर तथा 18 जुलाई 2026 को सरिस्ति ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह क्लस्टर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें कुल 63 लोगों की सहभागिता रही। प्रशिक्षण में समूह निर्माण के उद्देश्य, महत्व और नियमों की जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि समूह केवल बचत का माध्यम नहीं, बल्कि सामूहिक एकजुटता, आपसी सहयोग, सामाजिक मुद्दों पर चर्चा और भाईचारे को बढ़ावा देने का सशक्त मंच है।

साथ ही, समूह के नियमों का पालन करने तथा समूह के माध्यम से स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया।

महिला नेतृत्व विकास प्रशिक्षण: सशक्त महिलाएँ, सशक्त संगठन



ग्रामीण महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से 10 जुलाई 2026 को धरसौना के बारात घर में एक दिवसीय महिला नेतृत्व विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें 9 ग्राम पंचायतों की 41 महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण में संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए सामूहिक एकजुटता के माध्यम से स्थानीय समस्याओं के समाधान और ग्राम विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने आपसी सहयोग, एकजुटता और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

सतत विकास लक्ष्य: ग्राम विकास में हितभागियों की सक्रिय भूमिका



चोलापुर की बाबतपुर एवं भिदुर तथा चिरईगाँव की उकथी, विशुनपुर, बरियासनपुर, मोकलपुर, सृष्टि और नरायनपुर ग्राम पंचायतों में 'सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में हितभागियों की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इन सभी पंचायतों में प्रति गाँव औसतन 20 प्रतिभागियों की उपस्थिति के साथ कुल 162 लोगों ने सक्रिय सहभागिता की।

प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं, आजीविका सखियों, वार्ड सदस्यों, विद्यालय प्रबंधन समिति की महिलाओं तथा ग्राम संगठन के पुरुष सदस्यों ने भाग लिया। इसमें सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने तथा सामुदायिक संगठन और नेतृत्व की भूमिका पर चर्चा की गई।

प्रशिक्षण का उद्देश्य विभिन्न हितभागियों के बीच समन्वय और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था, ताकि वे योजनाबद्ध प्रयासों से ग्राम पंचायतों के समग्र एवं सतत विकास में योगदान दे सकें।

युवा नेतृत्व विकास प्रशिक्षण: संविधान से समाधान की ओर



चोलापुर की नियारडीह, भिदुर, हरदासीपुर, भदवा तथा चिरईगाँव की सरसौल, नरायनपुर और शंकरपुर ग्राम पंचायतों में युवा नेतृत्व विकास प्रशिक्षण आयोजित किए गए। प्रत्येक गाँव से औसतन 25 युवाओं की उपस्थिति के साथ इन प्रशिक्षणों में कुल 192 लोगों की सहभागिता रही। इनका उद्देश्य युवाओं में संवैधानिक चेतना विकसित करना और उन्हें समाज के विकास से जोड़ना था।

प्रशिक्षण में युवाओं ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर शोषणमुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। उन्हें संविधान सभा के इतिहास, संविधान निर्माण की प्रक्रिया और मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई। साथ ही, जातिवाद, भेदभाव, लैंगिक असमानता, लड़कियों की शिक्षा और बेरोजगारी के कारण युवाओं के पलायन जैसे मुद्दों पर चर्चा एवं समूह प्रस्तुतियाँ हुईं। कार्यक्रम के अंत में युवाओं ने सामाजिक सद्भाव, समानता और पंचायत के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा जागरूक नागरिक बनने का संकल्प लिया।

सरकारी योजनाओं पर प्रशिक्षण: जागरूक महिला नेतृत्व, सशक्त समुदाय



ग्रामीण महिलाओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक और सक्षम बनाने के उद्देश्य से 17 जुलाई 2026 को मुख्य कार्यालय, चिरईगाँव तथा 23 जुलाई 2026 को धरसौना बारात घर, चोलापुर में नेतृत्वकर्ता महिलाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इन प्रशिक्षणों में चिरईगाँव से 26 और चोलापुर से 23 सहित कुल 49 महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। प्रशिक्षण में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी और रोजगारपरक योजनाओं, उनकी पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। महिलाओं को प्रेरित किया गया कि वे यह जानकारी गाँव की अन्य जरूरतमंद महिलाओं तक पहुँचाएँ तथा उनके अधिकारों और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहयोग करें। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिला नेतृत्व की क्षमता को मजबूत करना और उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण सशक्तिकरण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना था।

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस: युवा शक्ति, सकारात्मक बदलाव की ओर



12 अगस्त को विकासखंड चोलापुर एवं चिरईगाँव में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'अलग परिस्थितियाँ, समान आकांक्षाएँ' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें चिरईगाँव से 20 और चोलापुर से 33 सहित कुल 53 युवाओं ने भागीदारी की। इनका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास और सामाजिक बदलाव के प्रति प्रेरित करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद एवं अन्य महापुरुषों के विचारों को साझा करते हुए युवाओं अधिकारों और कर्तव्यों का जानकारी के साथ साथ युवाओं को समानता, स्वतंत्रता और न्याय के संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया ताकि वे अपने और दूसरों के अधिकारों की रक्षा कर सकें। अधिकारों के साथ-साथ देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने की भावना विकसित किया गया । जाति, धर्म, लिंग और वर्ग के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया । युवाओं को केवल मतदाता न बनाकर एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना जो नीति निर्माण और शासन की प्रक्रियाओं पर नजर रखे।

विश्व साक्षरता दिवस: शिक्षा के साथ संवैधानिक चेतना

विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर 8 एवं 9 सितंबर 2026 को चोलापुर और चिरईगाँव विकासखंड के आठ इंटर कॉलेजों में 'हम और हमारा संविधान' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक समानता के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।



महिला नेतृत्व एवं संगठन सशक्तीकरण की दिशा में पहल

लोक चेतना समिति द्वारा संचालित महिला चेतना समिति के चोलापुर एवं चिरईगाँव विकास खंडों के आठ प्रमुख गाँवों में संगठनात्मक बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों का नेतृत्व महिला सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने किया। बैठकों में महिला नेतृत्व को मजबूत बनाने, लैंगिक असमानता एवं घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर सामूहिक पहल करने तथा पंचायती राज संस्थाओं और और पंचायत समितियों में महिलाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा की गई। नेतृत्व करता महिलायें विभिन्न समस्याओं पर पहल करने हेतु इच्छा व्यक्त कीं.



ग्राम सभा स्थायी समितियों को सशक्त बनाने की पहल

चिरईगाँव के सिंहवार, नेवादा, बरियासनपुर एवं बरथरकला तथा चोलापुर के ह्रदसीपुर, बाबतपुर, भिदुर और रसड़ा गाँवों में ग्राम सभा की स्थायी समितियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर लोकतांत्रिक व्यवस्था, पारदर्शिता और जनभागीदारी को मजबूत करना रहा।

बैठकों में पंचायत के विकास कार्यों की निगरानी, स्थानीय समस्याओं के समाधान तथा महिलाओं, वंचित वर्गों और दिव्यांगजनों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने पर चर्चा की गई। साथ ही, गाँव के पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की कार्ययोजना बनाई गई।



महिल संगठन के प्रभावी हस्तक्षेप एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ



संगठन की सक्रिय पहल एवं सामूहिक प्रयासों से विभिन्न गाँवों में सामाजिक न्याय, महिला सुरक्षा और पारिवारिक एवं आर्थिक समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

1. कमौली, चिरईगाँव: ग्राम सभा की स्थायी समिति एवं संगठन के सदस्यों के हस्तक्षेप से दो महिलाओं, गीता और हीरावती के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया।
2. ताड़ी, चोलापुर: घरेलू हिंसा एवं शारीरिक-मानसिक उत्पीड़न से पीड़ित मीना देवी को संगठन की महिलाओं ने सहयोग दिया और उनके पति के विरुद्ध चोलापुर थाने में शिकायत दर्ज कराने में मदद की।
3. बबियाव, चिरईगाँव: एक युवा के तीन वर्षों से चल रहे पारिवारिक विवाद के समाधान के लिए संगठन के सदस्यों ने थाना स्तर पर समझौते के प्रयास में सहयोग किया। समाधान न होने पर मामला न्यायालय तक पहुँचा।
4. कटारी, चोलापुर: दिशा समूह की सदस्य पूनम की भैंस की बीमारी से मृत्यु के बाद ₹60,000 के ऋण की वसूली को लेकर कंपनी से विवाद चल रहा था। संगठन की महिलाओं ने कंपनी कार्यालय पहुँचकर आवश्यक साक्ष्य एवं पक्ष प्रस्तुत किए, जिसके परिणामस्वरूप उनका पूरा ऋण माफ कराया गया।

मनरेगा मजदूरों की बैठक एवं रोजगार के अधिकार पर चर्चा



कार्यक्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों के साथ समय-समय पर बैठकें आयोजित कर रोजगार एवं मजदूरी से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठकों में मनरेगा के स्थान पर प्रस्तावित नए VB-G RAM G अधिनियम, 2025 के प्रावधानों और उनके संभावित प्रभावों पर विशेष ध्यान दिया गया।

मजदूरों ने केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच 60:40 के वित्तीय उत्तरदायित्व, कृषि के व्यस्त मौसम में 60 दिनों तक कार्य रोकने के प्रावधान तथा फेस ऑथेंटिकेशन, बायोमेट्रिक हाजिरी और ऑनलाइन उपस्थिति जैसी तकनीकी प्रक्रियाओं से जुड़ी कठिनाइयों पर चिंता व्यक्त की। इंटरनेट एवं सर्वर की समस्याओं के कारण काम करने के बावजूद मजदूरी से वंचित होने की आशंका भी सामने आई। बैठकों के माध्यम से मजदूरों को उनके रोजगार एवं आजीविका संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा संगठन की एकजुटता को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

शिक्षक दिवस:



लोक चेतना समिति द्वारा संचालित चेतना छात्रावास में छात्राओं ने शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने उनके जीवन, विचारों और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

छात्राओं ने अपनी शिक्षिका सावित्री मैडम को सम्मानित कर उनके मार्गदर्शन, स्नेह और समर्पण के प्रति आभार प्रकट किया। यह आयोजन शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और गुरु-शिष्य के आत्मीय संबंधों को अभिव्यक्त करने का एक प्रेरणादायी अवसर बना।

कार्यकर्ता नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण



28 सितंबर को संस्था के मुख्य कार्यालय में 'तीसरी सरकार अभियान' से जुड़े प्रशिक्षक श्री वीरेंद्र राय द्वारा कार्यकर्ताओं के लिए एक दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता विकसित करना तथा संगठन की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना था।

प्रशिक्षण में एक कुशल नेतृत्वकर्ता के चार प्रमुख गुणों—प्रेरणा, सही मार्गदर्शन, जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयास—पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को टीम भावना, जवाबदेही, सामूहिक निर्णय और जनभागीदारी के साथ जमीनी स्तर पर कार्य करने के व्यावहारिक तरीके बताए गए।

प्रशिक्षण ने कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व कौशल और संगठन के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



















चोलापुर में ब्लॉक स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम हुआ संपन्न

ग्रामीणों ने समस्याएं रखीं, अधिकारियों ने समाधान का भरोसा दिया



- कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।
- इस दौरान नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी राजेश सिंह का महिलाओं ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।





-: सम्पर्क :-

लोक चेतना समिति

चिरईगाँव ब्लाक मुख्यालय के पास
पो. – बरियासनपुर, वाराणसी – 221112
फोन – 0542 2989289, मो. 9450249555

आर्थिक सहयोग के लिए

Name – Lok Chetana Samiti
Bank – SBI, Sarnath
Account No. – 10255120233
IFSC – SBIN0004560

loksamiti@yahoo.co.in, lcsvaranasi@gmail.com
www.lcsvns.org
https://www.facebook.com/public/Lok-Chetana-Samiti-Varanasi
http://lcsvns.org/